NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष:05, अंक:-137, पृष्ठ: 12 | रविवार, 23 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# अमेरिका दरकिनार, जी20 घोषणापत्र मंजूर

## साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प की मांग नहीं मानी, आज खाली कुर्सी को सौंपेंगे मेजबानी

**जोहानिसबर्ग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बायकॉट के बावजूद 20वीं जी20 समिट के पहले दिन सदस्य देशों ने साउथ अफ्रीका के बनाए घोषणा पत्र को सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया।

साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने बताया कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था, भले ही अमेरिका इसमें शामिल नहीं हुआ।

ट्रम्प ने आखिरी सेशन में मेजबानी लेने के लिए एक अमेरिकी अधिकारी को भेजने की बात कही थी। रॉयटर्स के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीकी अध्यक्षता ने अमेरिकी अधिकारी को मेजबानी सौंपने के प्रस्ताव को नकार दिया।



अफ्रीकी राष्ट्रपति रामफोसा आज जी20 की अगली अध्यक्षता 'खाली कुर्सी' को सौंपेंगे। दरअसल, जी20 समिट की 2026 की मेजबानी अमेरिका को मिलनी है। हालांकि ट्रम्प के बायकॉट के चलते अमेरिका का कोई भी प्रतिनिधि समिट में शामिल नहीं हुआ।

**अमेरिका को घोषणा पत्र से है क्या दिक्कत**

जी-20 के घोषणापत्र में ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु कार्रवाई, आपदा प्रतिक्रिया एवं लचीलेपन पर विशेष जोर दिया गया है। मेजबान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की अध्यक्षता में आयोजित इस ऐतिहासिक सम्मेलन में 122 बिंदुओं वाला यह घोषणापत्र शासनाध्यक्षों द्वारा आम सहमति से अपनाया गया। हालांकि, अमेरिका ने अनुपस्थिति में इसमें अड़चन डालने का प्रयास किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बहिष्कार के कारण अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा नहीं लिया और व्हाइट हाउस ने इसे "जी-20 के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन" बताया। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने भी ट्रंप के समर्थन में बहिष्कार किया।

**मोदी ने अफ्रीकी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक की**

पीएम मोदी ने रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इससे पहले मोदी ने बताया था कि, जी20 शिखर सम्मेलन की बैठक अच्छी रही। उन्होंने कहा, 'मैंने दो सत्रों में भाग लिया और प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।' वहीं, आज मोदी आईबीएसए (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) की बैठक में भी भाग लेंगे। इसमें त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की जाएगी।

> जी20 ने भले ही दुनिया की अर्थव्यवस्था को दिशा दी हो, लेकिन आज की ग्लोबल विकास मॉडल के पैरामीटर्स ने बड़ी आबादी को रिसोर्स से वंचित किया है और प्रकृति के दोहन को बढ़ावा दिया है। अफ्रीकी देशों पर इसका असर सबसे ज्यादा दिखता है।
>
> **पीएम मोदी**

### डीजीसीए ने बड़े बदलाव का रखा प्रस्ताव

## मेडिकल इमरजेंसी में मिलेगा पूरा रिफंड हवाई टिकट में इंश्योरेंस की तैयारी

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई किरायों के रिफंड से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखा है। नई ड्राफ्ट गाइडलाइन में कहा गया है कि अगर किसी यात्री को मेडिकल इमरजेंसी के कारण टिकट रद्द करनी पड़े, तो एयरलाइन को पूरा पैसा लौटाना होगा या फिर क्रेडिट नोट देना होगा। ट्रैवल एजेंट के जरिए खरीदे टिकट का रिफंड भी अब सीधे एयरलाइन की जिम्मेदारी होगी। यानी ऑनलाइन पोर्टल या एजेंट से खरीदे टिकट के मामले में भी यात्री को एयरलाइन ही रिफंड देगी। इसके लिए 21 कार्यदिवस की समय सीमा तय की गई है। ड्राफ्ट नियमों पर स्टेकहोल्डर्स से सुझाव 30 नवंबर 2025 तक मांगे गए हैं।



डीजीसीए ने एक और राहत देने का प्रस्ताव रखा है, अब यात्री 48 घंटे के भीतर टिकट में बदलाव मुफ्त में कर सकेंगे, बशर्ते ये बदलावः- घरेलू उड़ान के लिए- प्रस्थान से कम से कम पांच दिन पहले और अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए- प्रस्थान से 15 दिन पहले किया जाए। पहले यह सुविधा सिर्फ 24 घंटे और सभी उड़ानों के लिए सात दिन पहले तक सीमित थी।


सरकार हवाई टिकटों में ऐसा इनबिल्ट इंश्योरेंस जोड़ने की तैयारी कर रही है, जिससे उड़ान से कुछ ही घंटे पहले टिकट रद्द करने पर भी 80% तक रिफंड मिल सकेगा। यह पूरी कवरेज यात्रियों से कोई अतिरिक्त शुल्क लिए बिना दी जाएगी, प्रीमियम एयरलाइंस और बीमा कंपनियों की साझेदारी से भरा जाएगा।

## कड़ाके की सर्दी का आगाज, एमपी-यूपी में ठंडी हवाएं

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे पहाड़ी राज्यों पर बर्फबारी हो रही है। इससे मैदानी इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर समेत 7 शहरों में शनिवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 6.2 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में सर्दी के साथ धुंध का असर बढ़ने लगा है। इसके कारण शहरों में प्रदूषण भी बढ़ गया है। शनिवार शाम को भिवाड़ी, जयपुर, कोटा, टोंक में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लेवल 300 से ऊपर दर्ज हुआ। 8 शहरों में एक्यूआई 200 से ऊपर रहा।



यूपी और बिहार में अब तक सर्दी से राहत थी, लेकिन सोमवार से तापमान गिरने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, यूपी में पहाड़ों से ठंडी हवाएं आने लगी हैं। इसके कारण, अगले पांच दिनों के दौरान राज्य का तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिरने की आशंका है। बिहार में 24 नवंबर के बाद तापमान गिरने लगेगा। 27-28 नवंबर तक भीषण सर्दी पड़ सकती है। कई शहरों में अभी से घना कोहरे छाने लगा है। कोहरे की वजह से रविवार को बिहार आने वाले 10 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से गुजरने वाली ट्रेनें सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।



# श्रावस्ती में घर के अंदर मिली पूर्व प्रधान और पत्नी की लाश



**श्रावस्ती।** रविवार तड़के पूर्व प्रधान और उनकी पत्नी के शव घर पर पड़े मिले। उनकी नाक और आंख से खून बह रहा था। इससे हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर-के जानकारी जुटाई। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

घटना इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खावा पोखर की है। यहां के निवासी पूर्व प्रधान मोहम्मद रोशन (80) और उनकी पत्नी वसीला (60) की लाशें मिलीं। मोहम्मद रोशन की लाश घर के अंदर फर्श पर तो वसीला का शव घर से करीब 5 कदम दूर झाड़ियों में पड़ा मिला। आंखों पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। आंखों और नाक से खून बह रहा था। घटना से गांव में चर्चाओं का माहौल गर्म है। बताया गया कि मृतक दंपती पिछले कई वर्षों से अपने पुश्तैनी मकान में रह रहे थे। उनके दोनों बेटे गुड्डू उर्फ हसीब और पुल्लू उर्फ नसीब अपने परिवारों के साथ कुछ दूरी पर अलग-अलग मकानों में रहते हैं। बड़े बेटे गुड्डू ने बताया कि वह सुबह करीब 5 बजे नमाज अदा करने के लिए जा रहा था। तभी घर के बाहर उसने मां का लहूलुहान शव देखा। घबराकर वह घर के अंदर गया तो पिता भी मृत अवस्था में फर्श पर पड़े मिले। इसके बाद उसने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। घटनास्थल की बारीकी से जांच कराई गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किए हैं।

# शेख हसीना को फांसी देने की मांग को लेकर सड़क पर लोग



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की सड़कें एक बार फिर प्रदर्शनकारियों से पटी पड़ी हैं। राजधानी के अलावा कई अन्य शहरों में भी शनिवार को भारी प्रदर्शन हुए। दरअसल हजारों लोग पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद अब उन्हें देश में लाकर फांसी दिए जाने की मांग कर रहे हैं। हसीना को 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान कथित हत्याकांड के लिए गत 17 नवंबर को मौत की सजा सुनाई गई थी। अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल को मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए यह सजा सुनाई थी। हालांकि इस दौरान हसीना कोर्ट में उपस्थित नहीं थीं।

अदालत द्वारा हसीना को फांसी की सजा दिए जाने इस फैसले के बाद से बांग्लादेश में तनाव चरम पर है। आज रविवार को मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और इस्लामी संगठन जमात-ए-इस्लामी ने संयुक्त रैली का आयोजन किया, जिसमें हसीना की प्रत्यर्पण और फांसी की मांग तेज हुई। प्रदर्शनकारियों ने ढाका विश्वविद्यालय परिसर से लेकर शाहबाग चौराहे तक मार्च निकाले। छात्र संगठनों, पीड़ित परिवारों और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने 'हसीना को फांसी दो', 'भारत से प्रत्यर्पित करो' और 'न्याय सुनिश्चित करो' के नारे लगाए। एक प्रदर्शनकारी, ढाका विश्वविद्यालय के छात्र आर राफी ने कहा, ₹हसीना ने हमारे भाइयों-बहनों की हत्या का आदेश दिया। फांसी ही न्याय है।

रैली में बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि यह फैसला ₹तानाशाही का अंत₹ दर्शाता है और भारत को ₹भागी गुंडे₹ को सौंपना चाहिए। जमात-ए-इस्लामी के महासचिव मिया गोलाम परवार ने इसे 1.8 करोड़ लोगों की आकांक्षा बताया, लेकिन पूर्व ट्रायल्स की तुलना में इसकी निष्पक्षता पर जोर दिया। 2024 के जुलाई-अगस्त आंदोलन की पृष्ठभूमि में यह सजा आई, जब सरकारी नौकरियों में 30% कोटा बहाल करने के खिलाफ छात्र विरोध कर रहे थे। हसीना सरकार पर अवैध बलप्रयोग का आरोप लगा, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 1,400 से अधिक लोग मारे गए और 14,000 घायल हुए।



कश्मीर में सर्दी का लुत्फ लेने के लिए सैलानियों की भीड़ बढ़ी है, जहां शिकारे की सैर, डल झील, लाल चौक और बर्फ से ढकी गुलमर्ग- सोनमर्ग की चोटियां मुख्य आकर्षण बनी हुई हैं।

# शिप्रा नदी में गिरी कार, तीन शिक्षकों की मौत



**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा से हल्द्वानी एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे शिक्षकों की कार शनिवार की शाम सात बजे रातीघाट के पास अनियंत्रित होकर शिप्रा नदी में जा गिरी। कार के खाई में गिरने की आवाज सुनते ही आस-पास के स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन को घटना की जानकारी दी।

खैरना पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया। पुलिस ने खाई में उतरकर कार के अंदर फंसे घायलों को रस्सी के सहारे सड़क तक लाने के बाद खैरना सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों सुरेंद्र भंडारी, पुष्कर भैसोड़ा और संजय बिष्ट निवासी अल्मोड़ा ने तीन शिक्षकों को मृत घोषित कर दिया।

वहीं घायल शिक्षक मनोज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतकों के परिजनों को दे दी है। एसपी सिटी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि कार के नदी में गिरते ही रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी को गरमपानी सीएचसी भेजा। घायल को हल्द्वानी रेफर किया गया है। वहीं मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# दिल्ली ब्लास्ट: बुरहान वानी का उत्तराधिकारी बनना चाहता था उमर

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट मामले के मुख्य आरोपियों में से एक उमर को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, उमर कश्मीर में बुरहान वानी और जाकिर मूसा का उत्तराधिकारी बनना चाहता था। फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल में पकड़े गए सभी आतंकी अल-कायदा की विचारधारा से प्रभावित थे, जबकि उमर आईएसआईएस और जैश की विचारधारा से प्रभावित था। गौरतलब है कि बुरहान वानी और जाकिर मूसा, आतंकियों की दुनिया में काफी फॉलो किए जाने वाले आतंकी हैं।

खबर ये भी है कि फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल के सदस्यों के बीच विवाद के कारण उमर नबी, आतंकी अदील की शादी में शामिल नहीं हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल के सदस्य अदील को अपना अमीर मानते थे।

शनिवार को ही ये खबर सामने आई थी कि मुजम्मिल ने 6.5 लाख रुपये में एक एके-47 खरीदी थी, जो बाद में आदिल के लॉकर से बरामद हुई। मुजम्मिल का हैंडलर मंसूर था और उमर का हैंडलर हाशिम था। दोनों इब्राहिम नाम के एक शख्स के अंडर में काम कर रहे थे।



उमर को लेकर शनिवार को ये जानकारी भी सामने आई थी कि वह इंटरनेट पर बम बनाने के वीडियो और साहित्य पढ़ता था। वह विस्फोटक बनाने का सामान नूंह से और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फरीदाबाद के भागीरथ पैलेस और एनआईटी मार्केट से खरीदता था। मुजम्मिल और उमर के बीच यूनिवर्सिटी के अंदर पैसों को लेकर जबरदस्त झगड़ा हुआ था, जिसे कई लोगों ने देखा था। इस झगड़े के बाद, उमर ने अपनी लाल इको कार, विस्फोटकों सहित, मुजम्मिल को दे दी थी। उमर ने विस्फोटक और रसायनों को रखने के लिए एक डीप फ्रीजर खरीदा था और वह उसके अंदर रासायनिक बम तैयार कर रहा था। उनकी योजना विस्फोटकों को जमा कर विभिन्न स्थानों पर एक साथ विस्फोट करने की थी।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
रविवार, 23 नवम्बर 2025


# बांकेबिहारी मंदिर में टूटी सालों पुरानी बड़ी परंपरा

एनएनआई



**वृंदावन।** जगमोहन (गर्भ गृह चबूतरा) में प्रवेश पर उच्चाधिकार प्रबंधन समिति की रोक के निर्णय के बाद शनिवार को पहली बार ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में देहरी पूजन नहीं हो सका। जगमोहन का गेट बंदकर उस पर चढ़ने पर रोक लगा दी गई। सेवायतों ने इसका कड़ा विरोध किया। प्रबंधन समिति के चार में से दो सेवायत भी विरोध में शामिल रहे। सेवायतों का कहना है कि समिति का काम व्यवस्था बनना है, न कि व्यवस्था रोकना। देहरी पूजन एक पुरानी परंपरा है।

इस पर रोक लगाकर धार्मिक कार्यकलापों से छेड़छाड़ की जा रही है। मंदिर में विरोध करने के बाद सेवायतों ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात रखी। मंदिर की व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्रबंधन समिति ने भीड़ नियंत्रण के लिए गुरुवार को जगमोहन क्षेत्र में प्रवेश बंद करने का निर्णय लिया। रात ही जगमोहन के आसपास बैरिकेडिंग लगा दी गई।

जगमोहन के सामने वीआइपी कटघरा पांच गुणा बढ़ा दिया गया। जगमोहन में ही देहरी पूजन किया जाता है। यह परंपरा काफी पुरानी है। शनिवार सुबह पौने नौ बजे जब सेवायत यजमानों को लेकर पहुंचे तो उन्हें जगमोहन पर चढने से रोक दिया गया। इसका सेवायतों ने जमकर विरोध किया। सेवायत शैलेंद्र गोस्वामी, श्रीवर्धन गोस्वामी, बब्बू गोस्वामी के प्रतिनिधि शशांक गोस्वामी सहित सभी ने एक स्वर में कहा कि यह मंदिर की मूल सेवा पद्धति से छेड़छाड़ है।

मंदिर में 20 मिनट विरोध जताने के बाद सेवायत डीएम में मिलने मथुरा पहुंचे। डीएम ने सेवायतों का अहित न होने देने का भरोसा दिया। सेवायतों का कहना है कि यदि व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो उन्हें कोर्ट की शरण लेनी पड़ेगी। विजय कृष्ण गोस्वामी ने आशंका जताई कि लगता नहीं कि देहरी पूजन परंपरा दोबारा चालू हो सकेगी। श्रीवर्धन गोस्वामी ने कहा कि सेवायत किसी भी सही व्यवस्था का समर्थन करते हैं, लेकिन यह निर्णय अधिकार समाप्त करने वाला लगता है।

समिति के सदस्य दिनेश गोस्वामी का कहना है कि व्यवस्था ऐसी हो, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन हो सके। वीआइपी कटघरे का आकार बढ़ा है तो वीआइपी पर्ची सुविधा बहाल की जानी चाहिए, ताकि भीड़ संतुलित रहे। बैरिकेडिंग लगने से पुरुषझमहिला दोनों कटघरे खत्म हो गए हैं।

## मैक्स ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**हाथरस** एनएनआई। जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में देर रात एक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई।



सिकंदराराऊ रोड पर गांव रामपुर के निकट एक मैक्स गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के गांव छौंक निवासी हरेंद्र पुत्र लीलाधर के रूप में हुई है। हरेंद्र मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। वह कल रात चंदपा कोतवाली क्षेत्र के गांव बिसाना में एक शादी समारोह से लौट रहा था। वापस लौटते समय सिकंदराराऊ रोड पर गांव रामपुर के पास एक मैक्स गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस मैक्स गाड़ी में डीजे लदे हुए थे, जो टक्कर के बाद सड़क पर गिर गए। हादसे में हरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर हरेंद्र के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए।



## एलपीजी गैस कैप्सूल ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

**फिरोजाबाद** एनएनआई। रविवार सुबह बन्ना कट हाईवे पर एक बड़ा हादसा टल गया। एलपीजी गैस से भरा एक कैप्सूल ट्रक अनियंत्रित होकर नाली के किनारे पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक और उसका सहायक सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, ट्रक मथुरा रिफाइनरी से गैस लोड कर नेपाल जा रहा था। घटना की सूचना सबसे पहले वीरेंद्र नामक व्यक्ति ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि कैप्सूल ट्रक के चालक रामखिलावन (35 वर्ष) पुत्र मिश्रिलाल, निवासी काजी कमालपुर, थाना इमलिया सुल्तानपुर, जनपद सीतापुर, और उसका सहायक चालक पूरी तरह सुरक्षित हैं। ट्रक हाईवे की नाली के किनारे पलटा है, जिससे हाईवे की तीनों लेन सामान्य रूप से चालू हैं और यातायात प्रभावित नहीं हुआ है। किसी भी प्रकार के गैस रिसाव की आशंका को देखते हुए एहतियातन फायर टेंडर मौके पर मौजूद है।



## टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस का फिरोजाबाद में ठहराव शुरू

फिरोजाबाद में टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18101) का ठहराव 22 नवंबर 2025 से फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन पर फिर से शुरू हो गया है। यह सुविधा छह साल बाद बहाल की गई है, जिससे जिले के यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के डिप्टी चीफ कमर्शियल मैनेजर (कोचिंग) ने 20 नवंबर 2025 को इस संबंध में आदेश जारी किए थे।



महिला एवं पुरूष 45,000 होमगार्ड्स की भर्ती हेतु
One Time रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ

1 – अनुभवी – शिक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी ।
2 – सप्ताह दर सप्ताह टेस्ट की सुविधा ।
3 – सीमित पाठ्यक्रम (Course) के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की सुविधा ।
4 – यदि किसी अभ्यर्थी के साप्ताहिक परीक्षा (Test) में नंबर सही नहीं आते तो उनको अलग से समय देकर तैयारी करायी जायेगी ।
5 – लिखित परीक्षा से पहले ही परीक्षा में अच्छे नंबर लाने योग्य बनाया जायेगा।
6 – लिखित परीक्षा के साथ सेनावृति पुलिस एवं होमगार्ड्स के प्रशिक्षकों द्वारा फिजीकल की तैयारी कराने के सुविधा दी जाएगी।
7 – एकेडमी में लम्बाई एवं सीना नापने की की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी।
8 – ओ.टी.आर एवं आवेदन करने हेतु संपर्क करे।

जे.डी एकेडमी

जे.डी एकेडमी
पताः– तोमर कॉम्पलैक्स जगनेर रोड, धनौली, आगरा
डायरेक्टर :– जयवीर सिंह तोमर (EX. - कम्पनी कमांडर होमगार्ड्स उत्तर प्रदेश)
मो. 9412416081, 9997490901, 9634148448

# तेज रफ्तार कार खोखे में घुसी, मच गई अफरातफरी



एनएनआई

**आगरा।** किरावली थाना क्षेत्र में कागारौल मार्ग पर रविवार सुबह हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खोखे में जा घुसी। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा।

थाना क्षेत्र के कागारौल मार्ग पर रतनलाल पुत्र तुलाराम का घर के पास सड़क खोखा रखा हुआ है। रविवार को पौने नौ बजे करीब किरावली की तरफ से तेजगति से आई कार खोखा में जा घुसी। इससे खोखा टूट गया। वहां पर मौजूद चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी किरावली पर भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने पर सीएचसी से आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे में 65 वर्षीय रतनलाल, 54 वर्षीय सहाब सिंह, 18 वर्षीय राजवीर, 12 वर्षीय गौरव घायल हुए हैं।



## पुलिस झंडा दिवस पर किया गया ध्वजारोहण

**आगरा एनएनआई।** पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार द्वारा पुलिस लाइंस, आगरा स्थित क्वार्टर गार्ड पर ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित समस्त पुलिस बल को डीजीपी का संदेश पढ़कर सुनाया तथा अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा, परंपरा और गौरव को बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। 23 नवंबर 1952 को उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था।

# पत्नी दो बच्चों और जेवरात लेकर मायके गई, पति परेशान

- ससुराल पक्ष पर लगाया मानसिक दबाव और कलह कराने का आरोप

**आगरा एनएनआई।** नुनिहाई रामबाग निवासी तरुण सिंह पुत्र इन्द्र सिंह ने अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। आशा देवी पत्नी तरुण सिंह की शादी वर्ष 2020 में 16 फरवरी को आशा देवी से हुई थी। दम्पति के दो बच्चे हैं बेटी अनाया सिंह और बेटा मयंक प्रताप सिंह। तरुण का कहना है कि पत्नी सास ससुर के साथ नहीं रहना चाहती है।



आरोप है कि इसी क्लेश के चलते 2 साल से पत्नी आशा देवी कोर्ट तक चली गई लगातार 1 साल तारीख करने के बाद पत्नी आशा देवी को यह पता चला कि इससे कुछ हासिल नहीं होने वाला है तो उन्होंने पति से सुलहकर घर वापस आ गई। करीब 8-9 महीने बाद फिर वही विवाद शुरू हुआ और कल रात आशा देवी अपने भाई दीपक, प्रदीप, शीलेश, अपने माता-पिता तथा अन्य परिजनों के साथ दो वाहनों में घर का सामान, कुछ नगदी और जेवरात भरकर अचानक मायके चली गई।

तरुण के मुताबिक, पत्नी आशा ने बार-बार यह दबाव बनाया कि वह अपने माता-पिता को छोड़ दें और उनके साथ अलग रहे। तरुण का कहना है कि वह न तो अपने माता-पिता को छोड़ सकते हैं और न ही पत्नी और बच्चों से अलग रहना चाहते हैं। तरुण सिंह ने अधिकारियों से निवेदन किया है कि उनकी पत्नी आशा देवी बच्चों के साथ वापस घर आए ताकि परिवार की एकता और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# सवारी के 65 हजार रुपये पार कर फरार हुआ आटो चालक

**आगरा एनएनआई।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र में ऑटो सवार युवक से जेब काटकर 65 हजार रुपये उड़ाने का मामला सामने आया है। पीड़ित अरुण कुमार पुत्र नाथूराम, निवासी नूहखाँस थाना जलेसर, एटा ने बताया कि वह जलेसर से आगरा आया था।

रामबाग चौराहा पर उसने शुक्रवार को एक ऑटो में वह समय हॉस्पिटल जाने के लिए सवारी के रूप में बैठा था। रास्ते में चालक और उसके साथी समय हॉस्पिटल ले जाने के बहाने उसे उल्टी दिशा में ले गए और अवसर पाकर उसकी जेब में रखे 65,000 रुपये निकाल लिए। पीड़ित के मुताबिक रुपये चोरी करने के बाद आरोपियों ने उसे हॉस्पिटल छोड़ने के बजाय यमुना पुल पर उतार दिया और ऑटो समेत फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर ऑटो चालक और उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

## सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत

**आगरा एनएनआई।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के नुनिहाई में स्टेट बैंक के सामने शुक्रवार देर रात सड़क हादसे में बाइक सवार सचिन (25) की मौत हो गई। वह चचेरे भाई को हॉस्पिटल में देखने जा रहे थे। थाना मलपुरा क्षेत्र के लाल मंदिर धनौली निवासी सचिन शुक्रवार देर रात पोइया स्थित मैरिज होम में दोस्त के विवाह समारोह में गए थे। लौटते समय चचेरे भाई आशीष को देखने के लिए ट्रांस यमुना स्थित जनहित हॉस्पिटल जा रहे थे। वह रास्ता भटककर नुनिहाई पहुंच गए। इसी दौरान घाट की ओर आ रहे एक वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सचिन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहां से एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतक सचिन के भाई नरेश की तहरीर के आधार पर एत्माद्दौला पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।



# छात्रों में रचनात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं प्रदर्शनियां : प्रो. संजय कुमार

## विवि में कला आचार्य प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ



- कुलपति ने कलाकारों के लिए ई-गैलेरी प्लेटफॉर्म की घोषणा की

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के ललित कला संस्थान तथाराज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आज ललित कला संस्थान, बाग फरजाना परिसर में कला आचार्य प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी द्वारा किया गया।

उनके साथ दयालबाग विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉ. अश्विनी शर्मा, प्रो. सरोज भार्गव, डॉ. साधना सिंह एवं डॉ. मीना कुमारी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में विभिन्न वरिष्ठ एवं युवा कलाकारों की कृतियों ने आगंतुकों को आकर्षित किया। कुलपति एवं सभी गणमान्य अतिथियों ने प्रदर्शित पेंटिंग्स एवं स्कल्पचर की सराहना करते हुए कलाकारों की प्रतिभा को उत्कृष्ट बताया। इस अवसर पर कुलपति ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय कलाकारों के लिए एक ऐसा ऑनलाइन ई-गैलेरी प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है, जिसके माध्यम से छात्र एवं शिक्षक अपनी पेंटिंग एवं मूर्तियां पूरे देश में ऑनलाइन प्रदर्शित एवं विक्रय कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय कला जगत में नई पहचान दिलाएगा। प्रदर्शनी में ललित कला संस्थान की पूर्व निदेशक प्रो. चित्रलेखा सिंह, डॉ. शिवेंद्र सिंह, डॉ. रेखा कक्कड़, प्रो. इंदु जोशी, प्रो. बिंदु अवस्थी, डॉ. विजय कुमार प्रजापति, डॉ. दिनेश कुमार मौर्य, अनिल सोनी, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. नीलम कांत, डॉ. एकता श्रीवास्तव, डॉ. मोना मिश्रा, डॉ. रश्मि सक्सैना, डॉ. पंकज वर्मा सहित अनेक प्रतिष्ठित कलाकारों की पेंटिंग्स प्रदर्शित की गईं।

# 'संभावित डुप्लीकेट वोटर्स' मतदाता सूची का होगा शुद्धिकरण

**आगरा (एनएनआई)।** राज्य निर्वाचन आयोग (यूपी) के विशेष कार्याधिकारी/विभागाध्यक्ष डा. अखिलेश कुमार मिश्रा ने आगरा में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली बृहत पुनरीक्षण की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा-त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन में 'संभावित डुप्लीकेट वोटर्स' मतदाता सूची शुद्धिकरण में बड़ी समस्या है। बैठक में 'संभावित डुप्लीकेट वोटर्स' का के माध्यम से भौतिक सत्यापन की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

इसमें विशेष कार्याधिकारी/विभागाध्यक्ष राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया-राज्य निर्वाचन आयोग (यूपी) नाम, पिता का नाम, पता तथा जेंडर आदि बिंदुओं को आधार बनाकर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली में से 'संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं' की सूची तैयार कर सभी जिलों को भेजी गई है।

इसके अनुसार, मथुरा में 2,31,128, फिरोजाबाद में 2,19,425, मैनपुरी में 1,89,950 और आगरा में 3,84,620 संभावित डुप्लीकेट वोटर्स हैं। बीएलओ के माध्यम से इनका सत्यापन



किया जाना है। उन्होंने उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार प करने को निर्देशित किया।डीएम आगरा अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया-आगरा में त्रिसतरीय पंचायत निर्वाचक नामावली बृहत पुनरीक्षण में 1502, 162 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं।

# महारानी बाग में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा

- 23 से 29 नवंबर तक अमृतमयी कथा प्रवाह

एनएनआई



**आगरा।** श्रीमद्भागवत कथा में श्रीहरि की महिमा का अमृतपान सुनने के लिए आज आयोजित कलश यात्रा में भक्ति से सराबोर भक्तों का उत्साह नजर आया। बैंड बाजों संग झूमते नाचते सैकड़ों भक्तजनों ने सिर पर मंगल कलश लेकर सम्पूर्ण क्षेत्र में भ्रमण किया। पीताम्बर परिधान में श्रंगारित महिलाएं श्रीहरि के भजनों की भक्ति में डूबी नजर आयी। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महारानी बाग स्थित ब्रह्माणी मंदिर से विधि विधान के साथ कलश यात्रा का शुभारम्भ हुआ। अवधपुरी चौराहा, हनुमान मंदिर तिराहा, संगम विला कृष्णा बाग में भ्रमण करते हुए कलश यात्रा ने पुनः कथा स्थल पर पहुंचकर विराम लिया। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों की स्थापना की गई। आयोजन समिति के पदाधिकारियों डॉ. जीएस राणा, अनीता राणा, संयोजक डॉ. अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि व्यासपीठाचार्य दिनेश दीक्षित द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में 23-29 नवम्बर तक प्रतिदिन महारानी बाग स्थिक पार्क में दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक कथा की अमृत वर्षा होगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ममता कटारा, शैल चाहर, रजनी कुशवाह, साधना यादव, आशा शर्मा, गिरिजेश शर्मा, संध्या परिहार, मनी राजपूत, मेजर बरखा, श्वेता चंदेल, हीर, नेहा ग्रोवर, तुषा शर्मा, किरण कालरा, अरुण त्यागी, प्रमोद चौधरी, लोकेश कटारा, सतेन्द्र, विपिन परमार, भूपेन्द्र चौधरी, चंद्रवीर सोलंकी, दिलीप स्वामी, रविन्द कुमार दुबे, वरुण स्वामी आदि उपस्थित थे।

# स्टेट बैंक से साइकिल की 'सौगात' पाकर खिले स्कूली बेटियों के चेहरे

## एत्मादपुर, संवाई, मंगलपुर, बिहारीपुर, नरायच क्षेत्र के कंपोजिट स्कूलों की छात्राएं हुई लाभान्वित

एनएनआई

**एत्मादपुर।** भारतीय स्टेट बैंक अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण संघ के मंडलीय अधिवेशन में गुरबत की मेधावी स्कूली छात्राओं के चेहरे निशुल्क साइकिल की सौगात पाकर खुशी से खिल उठे। बैंक की ओर से इस दौरान एक स्कूली पार्क में बच्चों के खेलने के लिए लगाए जाने दस झूले भी प्रदान किए। केंद्रीय हिंदी संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में निशुल्क साइकिल मिलने पर उसे चलाकर घर जातीं गुरबत की इन बेटियों की खुशी देखने लायक थी। मुख्य अतिथि दिल्ली वृत क्षेत्र के महाप्रबंधक एसवीएस नागेंद्र कुमार एवं उप महाप्रबंधक आगरा मंडल संजय कुमार सिंह ने एत्मादपुर नगर, ग्राम



संवाई, मंगलपुर, बिहारीपुर और यमुना पार नरायच शहरी क्षेत्र के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालयों की 40 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित कीं। बैंक की ओर से विजय नगर के राजकीय संकेत विद्यालय में पार्क सुंदरीकरण एवं कॉर्पोरेट्स सामाजिक सेवा उत्तरदायित्व के तहत दस झूले भी प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में सेवा संगठन के अध्यक्ष राम किशन, महासचिव बीएस निर्मल, उप महासचिव आंशु कवि अविनाश कुमार, उपाध्यक्ष अजय सिंह, ग्राम प्रधान संवाई सुमित सेन, महावीर सिंह आदित्य, केशवदत्त निमेष, डा. उमेश सिंह मौर्य, हीरा सिंह सिंह बघेल आदि सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गणना प्रपत्र के वितरण और संकलन कार्यों पर हुई समीक्षा



एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में जनपद में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) के वितरण एवं संकलन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(रस्क्फ़)का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ व सुपरवाइजर को प्रत्येक मतदाता के डोर टू डोर जाकर गणना प्रपत्र प्रदान करने, संकलन करने के कड़े निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी बूथों पर यह अभियान एक साथ चलाया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बीएलओ, सुपरवाइजर सक्रिय रूप से इस कार्य में जुटे हुए हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर पहुँचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र सौंपे जाने तथा संकलन का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए गणना पत्र की प्रविष्टियों को सही-सही भरें, सभी मतदाता मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण - संकलन का कार्य किया जा रहा है,बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं।

# 25 नवंबर को आगरा में मीट कारोबार रहेगा बंद

## 'नो मीट डे' पर स्लॉटर हाउस से दुकानों तक सभी पर रोक

- पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अजय कुमार सिंह ने दी चेतावनी-उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

एनएनआई

**आगरा।** मंगलवार को मीट कारोबार बंद रहेगा। दुकानें भी नहीं खुलेंगी। साधु टीएल वासवानी की जयंती को अंतरराष्ट्रीय 'नो मीट डे' के रूप में मनाए जाने के चलते यह निर्णय लिया गया है। इस संबंध में पशु कल्याण अधिकारी डा. अजय कुमार सिंह ने बताया-सरकारी आदेश के तहत स्लॉटर हाउस, मीट मार्केट, मीट की दुकानों सहित मांस से संबंधित सभी प्रकार का कारोबार 25 नवंबर को प्रतिबंधित रहेंगे। डा. अजय कुमार सिंह के अनुसार, यह निर्देश प्रत्येक वर्ष की तरह पशु संरक्षण और अहिंसा के संदेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की टीमों को आदेशों के पालन के लिए पूरी तरह सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने मीट कारोबारियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे शासनादेश का सम्मान करते हुए सहयोग प्रदान करें। शनिवार को नगर निगम की टीम ने वार्ड 54 के विभिन्न इलाकों में बड़े पैमाने पर एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया। अभियान के दौरान सिरकी मंडी, कोठी मीना बाजार, करुणा बुद्ध बिहार और प्रताप नगर रोड क्षेत्र में कुल 242 कुत्तों को रेबीज के टीके लगाए।पशु कल्याण अधिकारी डा. अजय कुमार सिंह-शहर में स्ट्रीट डॉग्स की संख्या को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से सभी वार्डों में टीकाकरण किया जा रहा है। आने वाले दिनों में यह अभियान अन्य वार्डों में भी इसी प्रकार व्यापक रूप से चलाया जाएगा।

# पुनरीक्षित बजट पर नगर निगम में फिर टली चर्चा

## मेयर-पार्षदों के वॉकआउट के बाद बैठक कल

- सूचना देर से देने पर पार्षदों का हंगामा, आय-व्यय का पूरा ब्योरा न मिलने से नाराजगी, 2195 करोड़ के प्रस्तावित बजट पर स्पष्टता अब भी अधूरी




एनएनआई

**आगरा।** पुनरीक्षित बजट की बैठक न हो पाने के कारण आगरा नगर निगम के आय और व्यय का हिसाब-किताब नहीं हो पा रहा। नगर निगम ने कितनी आय की, इस वित्तीय वर्ष में अभी कितने खर्चे और हैं, चर्चा न हो पाने के कारण इसका आकलन नहीं हो पा रहा।

लंबे समय बाद 21 नवंबर को पुनरीक्षित बजट की बैठक हुई, लेकिन अधिकारियों से तालमेल न बैठ पाने के कारण मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने पार्षदों के साथ मिलकर बैठक का वॉकआउट कर दिया। अब ये बैठक 24 नवंबर को होगी। नगर निगम में 21 नवंबर को कार्यकारिणी की बैठक से मेयर और पार्षदों ने वॉकआउट कर दिया था। नगर निगम के अधिकारियों ने बैठक की सूचना और एजेंडा सिर्फ एक दिन पहले देने को लेकर पार्षदों ने जमकर हंगामा किया। मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने पार्षदों से जानकारी मिलने पर निगम के अधिकारियों पर नाराजगी जताई।बैठक में पुनरीक्षित बजट 2025-26 पर चर्चा होनी थी। विकास कार्यों के लिए बैठक में सभी सदस्यों को कम से कम 2 दिन पहले सूचना दी जानी चाहिए, जिससे विकास कार्यों को लेकर चर्चा की जा सके। कार्यकारिणी समिति की बैठक के लिए उन्होंने नगरा आयुक्त, महाप्रबंधक जलकल व प्रभारी सचिवालय को 14 नवंबर 2025 को पत्र लिखकर 21 नवंबर 2025 को बैठक आयोजित करने के लिए निर्देश दिए थे, लेकिन निगम के अधिकारियों ने पार्षदों को 20 नवंबर की शाम को सूचना दी।वहीं, नगर निगम के आय और व्यय के विषय में जानकारी मिलने से पार्षद से नाराज है। उनका कहना है कि किस मद में नगर निगम अब तक कितना पैसा खर्च कर चुका है और आगे के कार्यों के लिए क्या योजना है इसके विषय में जानकारी नहीं मिल रही है। नगर निगम का पुनरीक्षित बजट सितंबर के अंत या अक्तूबर में सदन में पेश होना चाहिए था, नवंबर गुजरने को है लेकिन बजट सत्र के संबंध में नगर निगम में अभी तक कोई सुगबुगाहट नहीं है।आगरा नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का करीब 2195 करोड़ रुपये का प्रस्तावित बजट पेश किया था। वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में करीब 433 करोड़ रुपये का अतिरिक्त धन का प्रावधान किया गया था। मुख्य बजट के बाद नगर निगम को सितंबर के अंत या अक्तूबर माह में अधिकारियों का यह बताना था कि प्रस्तावित बजट के सापेक्ष के निगम की कितनी आय हुआ और कितना व्यय हुआ। किस मद में कितनी धनराशि शेष है और कितनी धनराशि खर्च हो चुकी है।

# किसानों, गरीबों, मजदूरों और असहायों के लिए मसीहा थे नेताजी

एनएनआई



**आगरा।** शनिवार को नेताजी, पूर्व रक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, 8 बार विधायक, 1 बार एम.एल.सी. एवं 7 बार लोकसभा सांसद स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती पर आगरा फतेहाबाद रोड स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि नेताजी किसानों, गरीबों, मजदूरों और असहायों के लिए भगवान समान थे। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए लिए गए कुछ ऐतिहासिक निर्णय सदैव याद किए जाएंगे – जैसे मंडी में किसानों पर लगने वाली चुंगी समाप्त करना, सरकारी अस्पतालों में पर्ची शुल्क मात्र 1 रुपये करना, तथा रक्षा मंत्री रहते हुए शहीद फौजियों के सम्मान एवं उनके परिवारों तक सहयोग पहुँचाना। ऐसे फैसलों के लिए नेताजी को इतिहास सदैव स्मरण करेगा। महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार ने कहा कि –मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवम्बर 1939 को एक साधारण किसान परिवार में हुआ। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपना जीवन आरंभ किया, किन्तु बाद में पूर्णकालिक राजनीति को समर्पित हो गए। वे उत्तर प्रदेश के बड़े समाजवादी और किसान नेता रहे। बहुत कम समय में संपूर्ण प्रदेश में उनका प्रभाव स्थापित हो गया। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए और वर्ष 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना की। वे भारत के रक्षा मंत्री भी रहे। नेताजी को 26 जनवरी 2023 की पूर्व संध्या पर मरणोपरांत भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर सुरेन्द्र चौधरी, राजपाल यादव, रामगोपाल बघेल, पप्पू यादव, पवन प्रजापति, संतोष पाल, कादिर कुरैशी,सोमेश गुप्ता, अमित कुशवाह,हरिमोहन राजपूत लोधी, उदल सिंह कुशवाह, पंकज कसाना, प्रियंका चौहान, सुलेखा श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, जितेन्द्र बाल्मीक, राकेश गोला, विधायक शर्मा, शरीफ मलिक आदि।

# आध्यात्मिक गुरु और सामाजिक प्रणेता थे पं. गिरधर महाराज

- सिंधी समाज के पुरोहित की,पुण्यतिथि पर हुए धार्मिक अनुष्ठान
- आयोजन का शुभारंभ श्री अखंड पाठ के साथ किया गया



एनएनआई

**आगरा।** सिंधी समाज के प्रमुख पुरोहित पंडित गिरधर महाराज की 36 वीं पुण्यतिथि पर काला महल स्थित श्री गिरधर गोपाल मंदिर में तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए। धर्मावलंबियों ने आयोजन का शुभारंभ श्री अंखड पाठ के साथ किया । जिसमें समाज के नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी ने बताया कि श्री गिरधर गोपाल मंदिर में श्री अखंड पाठ का आयोजन किया गया। जिसके तहत सुबह मन्दिर पर श्री अखंड पाठ साहब का भोग लगाकर विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान सत्संग और भजन संध्या आयोजित किए। जिसमें सुबह से ही बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। तत्पश्चात धर्मशाला पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। आयोजन में मुख्य रूप से उपस्थित सिंधी सेंट्रल पंचायत के वरिष्ट उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश, महामंत्री हेमंत भोजवानी ने पण्डित गिरधर महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गिरधर महाराज एक महान आध्यात्मिक गुरु व सामाजिक प्रणेता थे, जिन्होंने सिंधी समाज को सदैव प्रगति के मार्ग पर चलने की सीख दी। उनकी शिक्षाएं और आदर्श समाज को सदैव प्रेरित करतीं रहेंगी। उन्होने कहा कि उनकी इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आयोजन किया जा रहा है।

गुरु महाराज की शिक्षाएं हमेशा हमारा मार्गदर्शन करतीं रहेंगी। इस दौरान पंडित बंटी महाराज, सूर्य प्रकाश, घनश्याम दास देवनानी, हेमंत भोजवानी, मीडिया प्रभारी मेघराज दियालानी, राम चंद हसानी, किशोर बुधरानी, विकास जेठवानी, अमृत माखीजा, रोहित आयलानी, सुशील नोतनानी, राम चंद हसानी, पार्षद प्रकाश केशवानी, मेघराज शर्मा, जगदीश कुकरेजा, कुनाल जेठवानी, विनय शर्मा, पवन शर्मा, महेश सोनी, प्रदीप कुमार, राजू खेमानी, खेम चंद तेजानी, बाबूराम रामचंदानी, कपिल पंजवानी, अशोक चावला, जय किशन बुधरानी, बाबू दयानी, बबलू दासवानी, ईश्वर सेवकानी, सुरेश मंगवानी, मनोहर लाल हंस, हरेश पंजवानी सहित दर्जनों धर्मावलंबी मौजूद रहे।

# भारत-इजरायल रिश्तों में 'ग्रोथ इंजन' की तलाश

- इजरायल यात्राः एक देश, अनेक अविष्कार और अटूट भारत-संबंध
- इजरायलः वह देश, जहाँ आवश्यकता ने नवाचार को जन्म दिया, भारत के लिए प्रेरणा का स्रोत




एनएनआई

अभी व्यापार एवं उद्योग के प्रतिनिधि मंडल में एक ऐसे देश में जाने का अवसर मिला, जिसके नाम से ही स्फूर्ति, सुखद अनुभूति एवं प्रेरणादायक वातावरण बन जाता है। छात्र जीवन से ही इजरायल की वीरता और नवाचार की कहानियां सुनते आ रहे हैं, हालाँकि इजरायल का जन्म हमसे एक वर्ष बाद 1948 में हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध में हिटलर की बड़ी मार से कराह रहा यहूदी समुदाय, ब्रिटेन के सहयोग से 1948 में मिडिल ईस्ट में 14 अरब देशों से घिरे छोटे से देश में पुनः बस गया, जिसमें विश्व में बिखरे यहूदी आकर बसे। इनमें 85 हजार भारतीय मूल के भी हैं।

छोटी-सी आबादी का देश, सीमित संसाधन, 60 प्रतिशत भूमि रेतीली, पानी नाम मात्र को एक लेक। रिसर्च और नवाचार पर बड़ा खर्च करने की चुनौती, पानी से लेकर कृषि पदार्थों की चुनौती। लेकिन कहते हैं आवश्यकता आविष्कारों की जननी होती है। आज स्वयं अपने पैरों पर ही नहीं, हर क्षेत्र में विश्व का मार्ग दिखा रहा है।

मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएँ हों-पानी और कृषि। छोटी आबादी, एक-एक जीवन महत्वपूर्ण। मानव स्वास्थ्य हेतु चिकित्सीय क्षेत्र में आज एक अग्रणी देश जो चिकित्सीय क्षेत्र को न केवल अपने पैरों पर खड़ा करने की बात करता है, बल्कि अर्थव्यवस्था में ग्रोथ इंजन बनने की राह पर है। देश की आंतरिक सुरक्षा हो या फिर बाह्य सुरक्षा, साइबर सुरक्षा हो या एआई, इजराइल आविष्कारों की जननी है, और रक्षा क्षेत्र में तो पूरा विश्व अचंभित है।

मात्र 1.20 करोड़ की आबादी का एक छोटा देश और पूरे विश्व में मात्र एक यहूदी देश। चारों तरफ से दुश्मनों से घिरा हुआ, इजरायल शोध पर एक बड़ा बजट, देश की जीडीपी का 6 प्रतिषत खर्च करता है। आम तौर पर इसराइल शांतिपूर्ण देश है। फिलिस्तीन सहित सबमें शांति चाहता है। अच्छी-खासी आबादी अरबी है। सनातन की तरह यहूदियों का भी वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास है।

लेकिन इस्लामिक देशों के मूल में है या धर्म के अर्थ को समझने की गलती-उन्हें लगता है इस्लाम के अतिरिक्त बाकी सब काफिर हैं, उनके जीने का अधिकार नहीं है। ईरान, जिसका कोई बॉर्डर इजरायल के साथ नहीं लगता, फिर भी धार्मिक कट्टर सरकार ने घोषणा की है कि यहूदियों को जीने का अधिकार नहीं है, उसे खत्म करना ही लक्ष्य है।

भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में, प्रभावी उद्घाटन सत्र। इजरायल के आर्थिक मंत्री नीर बरकत की आपसी सहयोग की प्रतिबद्धता। दोनों देशों के बढ़ते हुए सहयोग एवं मजबूत रिश्ते, मुक्त व्यापार (एफटीए) की ओर बढ़ते कदम। बी-टू-बी मीटिंग्स, सीईओ फोरम में देश की बड़ी हस्तियों की प्रतिभागिता-अमूल, एशियन पेंट, ओएनजीसी, चिकित्सा क्षेत्र की अग्रणी हस्तियाँ, नवाचार में निवेशक कंपनियाँ, कोहिनूर राइस, दावत राइस सहित फूड प्रोडक्ट्स कंपनियां, देश की मेट्रो रेल का काम कर रही अग्रणी कंपनी ए एफ सी ओ एन, देश के जाने-माने हीरा व्यापारियों के साथ। इन सबसे ऊपर देश का भविष्य-बड़ी संख्या में स्टार्ट्स-अप और सबसे छोटे जाने जाने वाले, लेकिन रोजगारों की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण फुटवियर एवं लेदर गुड्स के प्रतिनिधि के रूप में मुझे भी प्रतिभागिता का अवसर मिला।

इजरायल जैसे देश में गाला डिनर विशुद्ध शाकाहारी और शाकाहारी में भी व्यंजन कैसे हो सकते हैं और 5 कोर्स मील भी हो सकता है! विभिन्न मुद्राओं में ओडिसी नृत्य। दोनों देशों के मंत्रियों पीयूष गोयल (पत्नी सीमा गोयल सहित) एवं इजरायल के आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत (पत्नी सहित) सभी प्रतिभागियों से आत्मीयता से मिलना और छाप छोड़ने वाला स्नेहसिक्त उद्बोधन।

इजरायल के पूर्व प्रधान मंत्री शिमोन पेरेस के नाम पर बना शिमोन पेरेस इनोवेशन सेंटर इजरायल के लिए ही नहीं, पूरे विश्व के लिए प्रेरणादायक है, जिसमें नवाचार का प्रदर्शन तो है ही यह अपने देश के नेता शिमोन पेरेस के प्रति अथाह प्रेम एवं सम्मान में उनकी एक-एक स्मृति को संजोया गया है।

चिकित्सीय क्षेत्र में मिडल ईस्ट का सबसे बड़ा अस्पताल शेबा हॉस्पिटल, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी चेक पॉइंट सहित कृषि क्षेत्र को देखने और समझने का मौका मिला। किस तरह कृषि को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर उद्योग बनाया जा सकता है, निर्यात किया जा सकता है! कल्पना कीजिए, रेतीली भूमि वाला छोटा-सा देश, जिसके लिए अपने देश के लिए आपूर्ति करना भी चुनौती था, आज न केवल कृषि उत्पादों, बल्कि कृषि संयंत्रों सहित कृषि तकनीक निर्यात करने वाला अग्रणी देश है। कुल मिलाकर हम सबको, अपने से छोटे भले ही हों, इन नवाचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा। लक्ष्य विश्व की चैथी या तीसरी का नहीं, विकसित भारत और पहली अर्थव्यवस्था बनने का है। आयोजक संस्थाओं में फिक्की, सीआईआई एवं एसोचैम का सुंदर आयोजन के लिए आभार।

**पूरन डावर, चिंतक एवं विश्लेषक**

# अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं किसान, प्रशासन ने जारी की सूचना

- गेहूं, चना, सरसों एवं आलू फसलों को किया गया अधिसूचित, बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर तक है निर्धारित




एनएनआई

**आगरा।** उप कृषि निदेशक मुकेश कुमार ने समस्त कृषकों को सूचित करते हुए अवगत कराया है कि रबी में अधिसूचित फसलों के बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2025 है। जनपद में एचडीएफसी एग्रो जनरल इन्सोरेन्स कम्पनी लि को वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक कार्यान्वयन ऐजेंसी के रूप में अधिकृत किया गया है। जनपद हेतु रबी मौसम में गेहूं, चना, सरसों एवं आलू फसलों को अधिसूचित किया गया है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि रबी मौसम में अधिसूचित फसलों के अन्तर्गत बीमित राशि एवं प्रीमियम की धनराशि ऋणी एवं गैर ऋणी कृषकों को गेहूँ की फसल हेतु 1.5 प्रतिशत अर्थात 1326 रुपए प्रति हेक्टेयर देय होगी, जिसके द्वारा फसल की बीमित राशि 88400 होगी। इसी प्रकार चना की फसल हेतु 1.5 प्रतिशत अर्थात 1441.50 रुपए प्रति हेक्टेयर देय होगी, जिसके द्वारा फसल की बीमित राशि 96100 होगी, सरसों की फसल हेतु 1.5 प्रतिशत अर्थात 1725 रुपए प्रति हेक्टेयर देय होगी, जिसके द्वारा फसल की बीमित राशि 115000 होगी तथा आलू की फसल हेतु 5.0 प्रतिशत अर्थात 11200 रुपए प्रति हेक्टेयर देय होगी, जिसके द्वारा फसल की बीमित राशि 224000 होगी।

उप कृषि निदेशक ने आगे यह भी अवगत कराया है कि जनपद में समस्त ऋणी कृषक जो कि योजना में प्रतिभाग नहीं करना चाहते हैं उन्हें रबी मौसम में 31 दिसम्बर, 2025 के 7 दिन पूर्व 24 दिसंबर तक अपने बैंक शाखा को लिखित रूप में अवगत कराना आवश्यक है।

गैर ऋणी कृषक जन सेवा केन्द्र सम्बन्धित बैंक एवं स्वयं 31 दिसम्बर, 2025 तक बीमा करा सकते है। स्थानीय आपदा की स्थिति में कृषक द्वारा आपदा के 72 घन्टे के अन्दर शासन द्वारा योजना के टोल फ्री नंम्बर 14447 पर सूचित करा सकते है। आपदा/भारी बारिश से फसल क्षति के सापेक्ष मुआवजा उन्ही किसानों को मिलेगा, जिन्होंने फसल बीमा कराकर आपदा की सूचना कृषि विभाग में लिखित रूप से एवं उपरोक्त टोल फ्री नम्बर पर की हो। योजना की अधिक जानकारी के लिये रवीना चौधरी, मो नं0-8529766209 पर सम्पर्क कर सकते है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सिखाया नेतृत्व कौशल

एनएनआई

**आगरा।** सरस्वती विद्या मंदिर कमला नगर में नेतृत्व कौशल विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता अवनीश भटनागर, उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान, ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमें अपनी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने के लिए बारीकी से बारीक बात का ध्यान रखना चाहिए कोई भी काम करने के लिए हमें कुछ बिंदुओं का ध्यान रखना चाहिए जैसे क्या-क्या करना है।

अपनी योजना बनाते समय इन पांच बातों का ध्यान रखना अनिवार्य है उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई 4 सी




क्रिटिकल थिंकिंग कोलाब्रेशन कम्युनिकेशन क्रिएटिविटी की चर्चा छात्रों के मध्य में की उनके साथ विद्यालय के उपाध्यक्ष विश्वेंद्र और अशोक एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्णकांत द्विवेदी उपस्थित रहे। कार्यशाला का कार्य संचालन देवेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार चौधरी, अरविंद मिश्रा, किशन सारस्वत ,ज्ञानेंद्र तिवारी, तुषार गर्ग, पूनम पांडे, रजनी गुप्ता, प्रवीन मिश्रा आदि ने व्यवस्थाएं संभाली।

## एसजीएफआई टेबल टेनिस टूर्नामेंट खेलने आगरा की टीम जम्मू रवाना

एनएनआई




**आगरा।** सरस्वती विद्या मंदिर, कमला नगर आगरा की अंडर-19 टेबल टेनिस टीम एसजीएफआई टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए जम्मू के लिए रवाना हुई। गत विद्या भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता, जो हाल ही में भागलपुर (बिहार) में सम्पन्न हुई, में विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। टीम के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया और इसी उपलब्धि के आधार पर टीम का चयन एस जी एफ आई खेलों के लिए हुआ। यह प्रतियोगिता प 20 से 26 नवंबर 2025 तक जम्बू में आयोजित होगी चयनित खिलाड़ी आर्यन, दिव्यांश, प्रिंस, भागीरथी, टीम के साथ टीम मैनेजर मनोज यादव तथा कोच शिवेंद्र प्रताप सिंह भी रवाना हुए। विद्यालय प्रबंध समिति और प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एसडीएम ने गांवों में की एसआईआर की समीक्षा

## बीएलओ को काम में तेजी लाने के दिए निर्देश



एनएनआई

**बाह।** विधानसभा निर्वाचन नामावली के गहन पुनरीक्षण अभियान की जमीनी हकीकत जानने के लिए शनिवार को बाह के एसडीएम संतोष कुमार शुक्ला चंबल के बीहड़ के गांव कोरथ, यमुना के बीहड़ के गांव खिलावली, शाहपुर गुर्जर, मलियाखेडा में पहुंचे। उन्होंने गांव और गलियों में घूम कर एसआईआर में बीएलओ द्वारा किए गये काम के बारे में पूछा? प्रगति की समीक्षा की। बीएलओ को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इधर तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ यमुना किनारे बसे कल्यानपुर भरतार गांव पहुंचे। शिथिलता बीएलओ को हड़काया। उन्होंने खुद ही एसआईआर फॉर्म भरवाए। बीएलओ को काम में सुधार और तेजी लाने के निर्देश दिए। इधर भाजपा और सपा भी बूथों पर पहुंच कर किसी मतदाता के वंचित न रहने की कवायद में जुट गये हैं। शनिवार को भाजपा कोर कमेटी के सदस्य पवन भदौरिया बाघराजपुरा, केंजरा, भगवानपुरा के बूथ पर पहुंचे। भाजपा के शत्रुघन भदौरिया, अतुल यादव, लालू तोमर, भूपेन्द्र सिंह भदौरिया, सोनू प्रधान अपने बूथों पर पहुंचे और एसआईआर फॉर्म भरवाने में बीएलओ की मदद की। सपा के राजेश यादव, मोनू अहीर, लल्ला गुर्जर, रमेश यादव आदि ने भी बूथों पर पहुंच कर एसआईआर फॉर्म भरवाए।

# वोटों की 'फसल' बचाने में जुटे राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता

एनएनआई

**एत्मादपुर।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सरकारी बीएलओ की लापरवाही और सत्यापन के बिना देव तुल्य मतदाताओं के नाम सूची से गायब होने की आशंका ने वोटरों के संग राजनीतिक दलों के चुनावी भविष्य की महत्वाकांक्षा पाले हुए नेता और कार्यकर्ता भी चिंतित हो उठे हैं। फिलहाल सत्तारूढ़ भाजपा के कार्यकर्ता बूथों पर मतदाताओं के मताधिकार को बरकरार रखने, युवाओं को मताधिकार दिवाला ने में जुटे हुए हैं।



केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर चल रहे मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य बड़ी धीमी गति से चल रहा है। बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अभी तक घर-घर सत्यापन फार्म तक नहीं पहुंचा पाए हैं। जबकि अधिकारी लगातार मतदाताओं को जागरूक करने में लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष श्रीमती स्वदेश बघेल ने मोहल्ला सत्ता और सतौली में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में क्षेत्रीय वोटरों के फार्म भरवाकर बीएलओ को जमा कराए। विधानसभा संयोजक मनवीर सिंह चौहान, पूर्व संयोजक एवं महानगर कार्यकारिणी सदस्य हरिओम सिंह बघेल एडवोकेट ने सुबह से सीतानगर मंडल क्षेत्र के मतदान केंद्र माता सूरजमुखी (शक्ति केंद्र) पर मंडल अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा के साथ क्षेत्रीय मतदाताओं से एसआईआर भरवाए। भोलानाथ गुलाब चंद्र जूनियर हाई स्कूल शाहदरा शक्ति केंद्र पर भी भाजपाई मतदाताओं की मदद करने में जुटे रहे। इस दौरान नगर निगम के क्षेत्रीय पार्षद विजय वर्मा, गौरव लोधी, हर्षवर्धन आदि मौजूद रहे।

## कॅरियर पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर के राजकीय कन्या हाईस्कूल के शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा चंद्रशेखर ने छात्र-छात्राओं को कैरियर के लिए जागरुक किया। छात्राओं के पुलिस, शिक्षक, फैशन डिजाइनर, वकील, इंजीनियर, डॉक्टर के अंदाज में देख कर उन्होंने कैरियर के बारे में पूछताछ की। संबोधन में उन्होंने छात्र-छात्राओं को कैरियर चुनने और उसे हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम करने को जागरुक किया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने गीत और नृत्य के कार्यक्रम पेश किए। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रमाण पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान



प्रधानाचार्य रामशंकर, सत्यदेव शर्मा, प्रधानपति रघुवीर वर्मा, शिव कुमार शर्मा, दीपशिखा, मीना देवी, श्यामा भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# यात्री परिवाहन से रेलवे को हुई 414.28 करोड़ की आय





एनएनआई

**आगरा।** मंडल यात्रियों को उत्कृष्ट सेवाएँ उपलब्ध करने के साथ राजस्व अर्जन में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा हैं। परिवहन के क्षेत्र में अच्छी सेवाएँ उपलब्ध कराने और सकारात्मक प्रयासों से आगरा मण्डल की आय में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। मण्डल रेल प्रबन्धक आगरा श्री गगन गोयल के मार्गदर्शन में यात्रियों को उच्च दर्जे की सुविधाएं एवं सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ कार्यरत आगरा मंडल ने वर्ष 2025 के माह अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज किया है। इस अवधि में आगरा मंडल ने 414.28 करोड़ रुपये की आय अर्जित की है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि (अप्रैल-अक्टूबर 2024) में 391.75 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई थी। इस प्रकार मंडल की आय में 5.75 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

यात्री परिवहन के क्षेत्र में भी आगरा मंडल ने गत वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की है। अप्रैल-अक्टूबर 2025 की अवधि में मंडल द्वारा कुल 207.35 लाख यात्रियों का परिवहन किया गया, जबकि वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह संख्या 189.11 लाख थी। इस प्रकार यात्री संख्या में 9.64 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो यात्रियों के विश्वास का प्रतीक है। यह उपलब्धि मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, समयपालन, आधुनिक टिकटिंग प्रणाली, डिजिटल सेवाओं एवं स्टेशन विकास कार्यों में निरंतर सुधार का परिणाम है।

आगरा मंडल ने यात्रियों की सुविधा एवं संतोष को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बेहतर संचालन, मानवीय व्यवहार, त्वरित सेवा एवं व्यवस्थित प्रबंधन को प्रभावी रूप से लागू किया है। आगरा मंडल भविष्य में भी यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित, सुविधाजनक एवं संतोषप्रद रेल सेवाएं प्रदान करने हेतु निरंतर समर्पित रहेगा।

### बिना कारण अलार्म खींचने वाले 1701 पकड़े



**आगरा।** अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने वाले 1701 लोंगो पर कार्यवाही करके 1,89,670/- रुपए जुमार्ना वसूला गया। आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर 545, आगरा किला स्टेशन पर 97, मथुरा जंक्शन पर 821, धौलपुर स्टेशन पर 93 एवं कोसीकलां स्टेशन पर 81 लोंगो पर कार्यवाही कर जुमार्ना वसूला गया। मंडल स्तर पर एसीपी पर मॉनिटरिंग की जा रही है। रेल प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना उचित एवं प्रर्याप्त कारण के चेन पुलिंग न करें, ऐसा करना दंडनीय अपराध है उक्त कृत्य से आपके साथी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# ग्रामीणों को तीन चरणों में मिलेगी बिजली बिल से राहत



एनएनआई

**बाह।** तीन महीने तक तीन चरणों में चलने वाली बिजली बिल राहत योजना 4 दिसंबर से शुरू होगी। शनिवार को बाह के अधिशाषी अभियंता रोहित शर्मा ने बाह की विधायक पक्षालिका सिंह को योजना के बारे में जानकारी दी। सरचार्ज, ब्याज में 100 प्रतिशत छूट रहेगी। बिल के मूलधन में पहली बार 25 प्रतिशत तक राहत दी गई है। उपभोक्ता बकाए बिल को किश्तों में भी भुगतान कर सकते हैं। अपराधिक मामलों में निर्धारित कर पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी गई है। इस दौरान विधायक पक्षालिका सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीण किसानों की बिजली से जुड़ी समस्याएं उन्हें बताई और समाधान के निर्देश दिए। शैड्यूल के मुताबिक सप्लाई सुनिश्चित करने एवं फरियादियों को सुन कर तत्काल प्रभाव से उनकी समस्या का निदान करने को कहा। इस दौरान संतोष गहलौत, चन्द्रभान सिंह, भगत सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# नीतीश मंत्रीमंडल पर किसकी छाप!

बिहार में चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई सरकार का गठन हो गया। नीतीश कुमार की नई सरकार में कई खास बातें दिखी हैं क्योंकि इस बार बहुत सोच विचार कर नीतीश कुमार की सरकार का गठन हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक दिन पहले शाम को ही पटना आ गए थे और देर रात तक माथापच्ची करके उन्होंने मंत्रिमंडल तय कराया। लेकिन इसमें बड़ा भारी क्षेत्रीय असंतुलन दिख रहा है। एनडीए के भारी बहुमत से चुनाव जीतने के बाद से कहा जा रहा था कि इस बार सरकार में निरंतरता रहेगी। इसका मतलब है कि सरकार का जो स्वरूप पहले था वैसा ही रहने वाला है। बिहार के दूसरे सबसे बड़े जिले पूर्वी चंपारण का कोई मंत्री नहीं बना, जबकि पूर्वी चंपारण की 12 में से 11 सीटें एनडीए ने जीती है, जिसमें से नौ अकेले भाजपा ने जीती है। फिर भी भाजपा ने पूर्वी चंपारण से किसी को मंत्री नहीं बनाया। जनता दल यू ने भी अपने दो विधायकों में से किसी को मंत्री नहीं बनाया। इसी तरह मिथिलांचल का प्रतिनिधित्व बहुत कम हो गया। भाजपा ने अपने 14 मंत्रियों में से सिर्फ एक मंत्री बनाया खजौली के अरुण प्रसाद को इसके बरक्स भाजपा ने पश्चिम चंपारण के नौ में से एक मंत्री बनाया और मुजफ्फरपुर से तो भाजपा ने दो मंत्री बना दिए। इसी तरह सारण का भी असंतुलन दिख रहा है। सारण से भाजपा ने दो और जदयू ने एक मंत्री बनाया। पटना जिले से भी भाजपा ने दो मंत्री बनाए। भाजपा और जदयू ने अपने सबसे कमजोर इलाकों पर ज्यादा ध्यान दिया है। मगध और शाहबाद को इस बार पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है। इसी तरह पूर्वांचल और अंग प्रदेश को भी पर्याप्त महत्व मिला है। दोनों उप मुख्यमंत्री मुंगेर यानी अंग प्रदेश के हैं और केंद्र सरकार के दोनों कैबिनेट मंत्री भी इसी क्षेत्र से आते हैं। वैसे अभी 10 मंत्री पद खाली रखे गए हैं और अगले विस्तार में इस असंतुलन को दूर किया जा सकता है। जमा खान फिर से मंत्री बन गए हैं। वे एनडीए के इकलौते मुस्लिम विधायक हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अपने कोटे के कई बड़े मंत्रियों को मौका नहीं दिया। यह हैरान करने वाली बात है कि जिन लोगों के नाम कटे हैं या पहली बार जिनको शपथ नहीं दिलाई गई उसमें कई बड़े नाम हैं। जैसे एक बड़ा नाम नीरज सिंह बबलू का है। वे राजपूत समाज से आते हैं और इस बार तो उनको उप मुख्यमंत्री बनाने की बात हो रही थी लेकिन मंत्री भी नहीं बन पाए। वे नीतीश सरकार में पेयजल व स्वच्छता विभाग के मंत्री थे। इसी तरह नीतीश कुमार की सरकार में उद्योग मंत्री के तौर पर बहुत शानदार काम कर रहे नीतीश मिश्रा भी मंत्री नहीं बन पाए। वे बिहार के तीन बार मुख्यमंत्री रहे डॉक्टर जगन्नाथ मिश्र के बेटे हैं। वे 50 हजार से ज्यादा वोट से जीतने वाले विधायकों में शामिल हैं। इसी तरह दरभंगा शहर की सीट से जीते संजय सरावगी को भी मौका नहीं मिला है। वे नीतीश सरकार में मंत्री थे। भाजपा कोटे से नीतीश सरकार के एक अन्य मंत्री कृष्णनंदन पासवान भी मंत्री बनने से चूक गए हैं। राजू सिंह का नाम भी कट गया तो विवादों में घिरे जीवेश मिश्रा का नाम भी कट गया। खासतौर पर नोटिस करने वाली बात यह रही कि भाजपा और जनता दल यू के जितने नेता प्रशांत किशोर के निशाने रहे वे सारे मंत्री बन गए हैं। प्रशांत किशोर ने भाजपा के चार और जनता दल यू के एक नेता को निशाना बनाया था और एक समय ऐसा लग रहा था कि ये पांच चेहरे हाशिए में चले जाएंगे। लेकिन उनमें से चार लोग मंत्री बन गए हैं। पांचवें व्यक्ति भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल हैं। वे चूंकि लोकसभा के सांसद हैं इसलिए उनको बिहार में मंत्री नहीं बनाया गया है। परंतु जिस तरह से पीके के निशाने पर आए नेता बिहार में मंत्री बने हैं उसे देखते हुए हैरानी नहीं होगी अगर संजय जायसवाल केंद्र में मंत्री बना दिए जाएं।प्रशांत किशोर ने सबसे पहले जिस भाजपा नेता के निशाना बनाया वे दिलीप जायसवाल हैं। उनके ऊपर हत्या से लेकर एक सिख प्रमोटर के बनाए मेडिकल कॉलेज को हड़पने का आरोप लगा। दिलीप जायसवाल के मंत्री रहते पिछले साल उनको प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया और उसके बाद उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया। अब एक साल के बाद ही फिर उनको मंत्री बनाया जा रहा है तो इसका साफ अर्थ है कि प्रशांत किशोर को भाजपा एक मैसेज देना चाहती है। दिलीप जायसवाल के बाद प्रशांत किशोर ने संजय जायसवाल को निशाना बनाया और उसके बाद दो भाजपा नेता सम्राट चौधरी और मंगल पांडेय उनके निशाने पर आए। उन्होंने सम्राट चौधरी पर हत्या का पुराना मामला और चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने का मुद्दा उठाया, जो कि मोटे तौर पर राजनीतिक मुद्दा था लेकिन मंगल पांडेय के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। अब नई सरकार में सम्राट चौधरी फिर से उप मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के बाद शपथ ली, जिसका अर्थ है कि वे सरकार में नंबर दो रहेंगे और भाजपा की राजनीति का आगे का चेहरा रहेंगे। मंगल पांडेय को वरिष्ठता के हिसाब से पहले शपथ दिलाई गई। भाजपा के इन चार नेताओं के अलावा जनता दल यू के अशोक चौधरी को प्रशांत किशोर ने निशाना बनाया था। उसके बाद कहा जा रहा था कि अशोक चौधरी से नीतीश कुमार ने दूरी बना ली है या पार्टी में उनका महत्व कम हुआ है। लेकिन ये सारी बातें गलत साबित हुईं। अशोक चौधरी फिर से नीतीश की सरकार में पावरफुल मंत्री बने हैं। जब प्रशांत किशोर ने इन नेताओं को निशाना बनाया तो लग रहा था कि इनका करियर संकट में आएगा लेकिन उसका उलटा हुआ है। सबका करियर और निखर गया है।




# मेनोपॉज

## अचानक बदल जाता है मिजाज, मानसिक समस्या से जूझती हैं करोड़ों महिलाएं

**दुनियाभर में मेनोपॉज को अब तक केवल प्रजनन क्षमता से जुड़े स्वाभाविक जैविक चरण के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन ताजा वैज्ञानिक शोध यह संकेत देता है कि यह परिवर्तन सिर्फ हार्मोनल उतार-चढ़ाव तक सीमित नहीं है, बल्कि दिमाग की संरचना, न्यूरोलॉजी और संज्ञानात्मक क्षमता पर भी गहरा असर डालता है।**



नेशनल जियोग्राफिक ने अपने विश्लेषण में बताया है कि मेनोपॉज के दौरान महिलाओं के मस्तिष्क में होने वाले बदलाव स्मरणशक्ति, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन और मानसिक स्पष्टता को सीधे प्रभावित करते हैं। दुनिया भर की करोड़ों महिलाएं इस समस्या का सामना कर रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान के विशेषज्ञों के बीच इस विषय पर बढ़ती रुचि को देखते हुए मेनोपॉज के दौरान दिमाग के ढांचे और कार्यप्रणाली में आने वाले परिवर्तनों का गहन अध्ययन किया गया।

निष्कर्षों से पता चलता है कि मासिक धर्म के समाप्त होने के साथ मस्तिष्क के कई हिस्सों में रक्त प्रवाह कम हो जाता है और ब्रेन वॉल्यूम में संकुचन देखा गया। यही कारण है कि मेनोपॉज में प्रवेश करने वाली कई महिलाएं भूलने की आदत, मानसिक धुंध (ब्रेन फॉग) और एकाग्रता में कमी जैसे लक्षण महसूस करती हैं। यहां तक कि उनका आत्मविश्वास भी पूरी तरह डोल जाता है और वह खुद को कमजोर समझने लगती हैं।



**जागरूक महिलाएं कुछ वर्षों में कर लेती हैं परिवर्तन**

शोध यह भी संकेत देता है कि दिमाग धीरे-धीरे इस परिवर्तन को अपनाने की क्षमता विकसित कर लेता है और जागरूक महिलाएं कुछ वर्षों में संज्ञानात्मक स्थिरता पुनः प्राप्त कर लेती हैं। 54 फीसदी महिलाओं में भावनात्मक अस्थिरताइस अध्ययन का नेतृत्व तंत्रिका-विज्ञान और महिला स्वास्थ्य की विशेषज्ञ डॉ. लिसा मॉस्कोनी ने किया। परिणामों में स्पष्ट रूप से देखा गया कि मेनोपॉज की शुरूआत के साथ दिमाग पर कई महत्वपूर्ण प्रभाव सामने आए। मस्तिष्क में ऊर्जा उत्पादन 10-15% तक कम हुआ। स्मृति और तर्क क्षमता संभालने वाले हिस्सों में 1-2% संकुचन दर्ज किया गया। दिमाग में रक्त प्रवाह 12-14% तक घटा। 62% महिलाओं ने ब्रेन फाग और भूलने की समस्या की शिकायत की। 54% महिलाओं में मूड स्विंग और भावनात्मक अस्थिरता देखी गई।

**दिमागी सेहत के लिए एक निर्णायक मोड़**

रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिक शोध से यह साबित होता है कि मेनोपॉज महिला जीवन का केवल जैविक अध्याय नहीं, बल्कि दिमागी स्वास्थ्य के लिए भी एक निर्णायक मोड़ है। आने वाले वर्षों में यह शोध न केवल उपचार प्रणालियों और मानसिक स्वास्थ्य नीतियों को दिशा देगा, बल्कि समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर दृष्टिकोण बदलने में सहायक होगा। जागरूकता, वैज्ञानिक समझ और समय पर चिकित्सकीय देखभाल के साथ मेनोपॉज जीवन की एक स्थिर और स्वस्थ अवस्था की ओर मार्ग प्रशस्त कर सकता है और इस दौरान महिलाओं को मानसिक रूप से होने वाली बहुत बड़ी तकलीफ से भी मुक्ति मिल सकती है।

# सलमान खान ने कुणिका सदानंद को निजी टिप्पणी पर फटकार लगाई





रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 19 अपने फिनाले सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। इस दौरान प्रसारित हुए वीकेंड का वार एपिसोड में होस्ट सलमान खान ने घर में हुए विवादों को लेकर कई प्रतिभागियों को कड़ी नसीहत दी। इनमें अभिनेत्री कुणिका सदानंद भी शामिल रहीं। एपिसोड में सलमान खान ने कुणिका को सह-प्रतियोगी मालती चाहर के निजी जीवन से जुड़ी टिप्पणी पर रोकते हुए कहा कि ऐसा व्यवहार शो के माहौल और व्यक्तिगत सम्मान के विरुद्ध है। सलमान ने स्पष्ट शब्दों में कहा, कुणिका, आपको कई बार बहुत असंवेदनशील देखा गया है। मालती के भाई ने भी आपको बताया था कि आपकी बात उन्हें गलत लगी। आप ऐसी स्थिति में खुद को बार-बार क्यों ले जाती हैं? जब कुणिका ने सफाई देने की कोशिश की तो सलमान ने उन्हें रोकते हुए कहा कि इस मामले में स्पष्टीकरण से अधिक जरूरत आत्मचिंतन की है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस वीडियो का ज़िक्र हो रहा है, उसमें मालती के निजी रुझान से संबंधित टिप्पणी दिखाई दे रही है, जो अनुचित है। कुणिका ने इस पर अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा, कृपया मुझे शर्मिंदगी से बचाइए। घर में हाल ही में हुए फैमिली स्पेशल एपिसोड ने माहौल को भावुक बना दिया था। इसी क्रम में कुणिका सदानंद अपनी दो पोतियों को देखकर भावुक हो गईं और उन्हें गले लगाते हुए रो पड़ीं। इस दृश्य का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब साझा किया जा रहा है, जिसमें दादी-पोतियों के बीच का स्नेह दर्शकों को भावुक कर रहा है। इससे पहले एपिसोड में कुणिका के बेटे अयान भी घर में आए थे, जिससे वह भावनाओं से भर उठी थीं। फिनाले के करीब आते-आते शो में भावुक पलों और विवादों का दौर लगातार देखने को मिल रहा है।

# शाहरुख खान ने ग्लोबल पीस ऑनर्स 2025 में सैनिकों को किया सलाम



अभिनेता शाहरुख खान ने ग्लोबल पीस ऑनर्स 2025 समारोह में भारतीय सैनिकों को नमन करते हुए एक प्रभावशाली भाषण दिया। समारोह में उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों, पहलगाम आतंकवादी घटना और हाल ही में हुए दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में शाहरुख खान ने सुरक्षाबलों की वीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा, जब कोई पूछे कि क्या करते हो, तो सीना ठोककर कहना-देश की सुरक्षा करता हूँ। और यदि कोई पूछे कितना कमाते हो, तो मुस्कुराकर कहना-140 करोड़ लोगों की दुआएँ कमाता हूँ। उन्होंने आगे कहा कि देश को एकता और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। जाति और भेदभाव से ऊपर उठकर हमें इंसानियत को अपनाना चाहिए, ताकि हमारे सैनिकों का बलिदान व्यर्थ न जाए, शाहरुख ने कहा। कार्यक्रम में शाहरुख खान को जोरदार तालियों के साथ सम्मानित किया गया। फिल्मी मोर्चे पर वह जल्द ही किंग में नजर आएंगे, जिसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और जयदीप अहलावत भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# एकता कपूर ने तान्या मित्तल को अपना पहला टीवी शो ऑफर किया



लोकप्रिय फिल्म निमार्ता एकता कपूर ने इस सप्ताहांत बिग बॉस के मंच पर प्रतियोगी तान्या मित्तल को अपने नए टीवी धारावाहिक के लिए भूमिका की पेशकश कर सबको चौंका दिया। एकता अपने नए बालाजी एस्ट्रो ऐप के शुभारंभ के सिलसिले में कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। एकता कपूर ने बताया कि वह हर सीजन में बिग बॉस के प्रतिभागियों में से किसी एक को अपने धारावाहिक में स्थान देती रही हैं और इस बार उनकी पसंद तान्या मित्तल रहीं। उन्होंने कहा कि तान्या की योग्यता और व्यक्तित्व धारावाहिक की भूमिका के अनुरूप हैं। एकता ने मंच पर कहा, आपके शो से कलाकार चुनना मेरा नियम रहा है। इस बार जिन दो लोगों पर मेरी नजर गई, उनमें से एक तान्या हैं। मैं उन्हें अपने अगले धारावाहिक में देखना चाहूँगी। अचानक मिले इस अवसर पर तान्या उत्साहित दिखीं और उन्होंने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया।



## तीन अफेयर और टूट चुकी शादी के बाद-2026 में

# पवित्रा पुनिया फिर बनेंगी दुल्हन

टीवी अभिनेत्री पवित्रा पुनिया 2026 में दोबारा विवाह के लिए तैयार हैं। 39 वर्षीय अभिनेत्री का निजी जीवन अक्सर चर्चाओं में रहा है-तीन प्रमुख रिश्ते, एक कथित विवाह और अब नई शुरूआत की तैयारियाँ।

### पहला रिश्ताः पारस छाबड़ा

पवित्रा पुनिया और पारस छाबड़ा का रिश्ता स्प्लिट्सविला के दौरान सुर्खियों में आया था, हालांकि यह जुड़ाव अधिक समय तक नहीं चला।

### दूसरा रिश्ताः प्रातिक सहजलपाल

प्रातिक सहजलपाल के साथ पवित्रा के संबंधों की चर्चा उस समय तेज हुई जब उनके पूर्व साथी ने विवाह संबंधी दावा किया।

### तीसरा और सबसे चर्चित रिश्ताः एजाज खान

बिग बॉस 14 में एजाज खान के साथ उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया। शो समाप्त होने के बाद भी रिश्ता जारी रहा, पर वर्ष 2024 में दोनों ने अलग होने की घोषणा की। पवित्रा के अनुसार, यह अलगाव व्यक्तिगत मतभेदों के कारण हुआ।

### पुराना विवाद और नया अध्याय

पवित्रा पुनिया का पूर्व साथी द्वारा किया गया विवाह संबंधी दावा लंबे समय तक चर्चा में रहा, लेकिन अभिनेत्री ने इस पर विस्तृत टिप्पणी नहीं की।

अब पवित्रा ने एक विदेश स्थित व्यवसायी के साथ सगाई कर ली है और मार्च 2026 में विवाह की तैयारी कर रही हैं। शादी निजी समारोह में होने की संभावना है। उन्होंने कहा, यह रिश्ता मेरे लिए बहुत खास है और मुझे लगता है कि अब जीवन का नया अध्याय शुरू करने का सही समय है।



भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा टेस्ट

# लंच तक साउथ अफ्रीका 428/7

## मुथुसामी शतक और यानसन अर्धशतक बनाकर नाबाद, दोनों के बीच 94 रन की साझेदारी

गुवाहाटी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट गुवाहाटी में खेला जा रहा है। बरसापारा स्टेडियम में मुकाबले के दूसरे दिन लंच तक साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट खोकर 428 रन बना लिए हैं। टीम से सेनुरन मुथुसामी (107) और मार्को यानसन (51) नाबाद हैं।

दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हो चुकी है। काइल वेरिने (45) के रूप में दिन का इकलौता विकेट गिरा। उन्हें दूसरे सेशन में ऋषभ पंत ने रवींद्र जडेजा की बॉल पर स्टंपिंग कर पवेलियन भेजा। साउथ अफ्रीका ने आज 247/6 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने शनिवार को पहले दिन टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला किया था।



# पलाश के साथ आज शादी के बंधन में बंधेंगी मंधाना

### जेमिमा सहित टीम के सदस्य होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना और मशहूर म्यूजिक कंपोजर पलाश मुछाल रविवार को परिणय सूत्र में बंधेंगे। मंधाना ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक रील के जरिये पलाश के साथ सगाई पर मुहर लगाई थी और अब दोनों आज शादी के बंधन में बंध जाएंगे। मंधाना और पलाश महाराष्ट्र के सांगली गांव में सात फेरे लेंगे। इस हाईप्रोफाइल शादी के आमंत्रण कार्ड इंदौर में पलाश परिवार के रिश्तेदारों व मेहमानों को भी बंटे हैं। स्मृति और पलाश के मेहंदी फंक्शन के साथ ही संगीत सेरेमनी हो चुकी है। इसकी झलकियां भी सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना की शादी से पूर्व के फंक्शन में उनके क्रिकेट टीम के साथी भी पहुंचे। सभी ने मिलकर धमाल किया। शादी के फंक्शन में 'लड़की वाले' और 'लड़के वाले' दो टीम बनी। स्मृति का गर्ल्स गैंग किसी मामले में कम नहीं दिखा। क्रिकेट के शोर और संगीत की धुनों के बीच मंधाना और पलाश के बीच पनपा यह रिश्ता उतना ही नर्म, उतना ही गहरा है जितना दो दिलों का अनकही बातों में बंध जाना। स्मृति मंधाना की शांत मुस्कान और पलाश मुछाल की संगीतभरी आत्मा, दोनों की दुनिया अलग थी, पर उनकी रूहें जैसे पहली ही मुलाकात में एक-दूसरे को पहचान गई थीं। पांच साल तक दुनिया से छिपकर खिलती इस मोहब्बत ने बिना किसी दिखावे, बिना किसी तस्वीर के, सिर्फ भरोसे और कोमल नजदीकियों के सहारे खुद को इतना मजबूत बनाया कि आज उनकी कहानी हवा में भी एक मीठा सा कंपन छोड़ जाती है।



### पलाश के गाने पर दिल हार बैठीं थीं मंधाना

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्मृति और पलाश की पहली मुलाकात मुंबई में निजी समारोह में हुई थी। पलाश ने उस शाम एक अनरिलीज्ड गाना गुनगुनाया था, जिसे सुनकर स्मृति प्रभावित हो गईं थीं। यहीं से दोनों की दोस्ती और फिर रिश्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ता गया। खबरों के अनुसार, 2019 में पलाश ने अपनी बहन और गायक पलक मुछाल के सामने ही स्मृति को प्रपोज किया था। 2024 में मंधाना ने एक पोस्ट के जरिये अपने रिश्ते पर मुहर लगाई।

### पलाश के हाथ पर स्मृति के नाम का टैटू

पलाश ने भारत की महिला विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की थी। इस तस्वीर में उनके हाथ पर बना एक खास टैटू प्रशंसकों का ध्यान खींच रहा था। उनके हाथ पर रट18 का टैटू बना हुआ है, जो स्मृति के नाम और उनकी जर्सी नंबर का संकेत है।

### शादी में नजर आएंगे हाई प्रोफाइल चेहरे

शादी के बाद इंदौर में रिसेप्शन देने की योजना अभी मुछाल परिवार ने नहीं बनाई है। बताया जा रहा है कि पलाश व स्मृति शादी के बाद एक पार्टी मुंबई में दे सकते हैं, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सितारे और क्रिकेटर शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मंधाना को पत्र लिखकर उनके विवाह के लिए उन्हें बधाई दी थी। वहीं, दोनों की शादी में फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के अलावा भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्य भी नजर आ सकते हैं। मंधाना के साथी खिलाड़ी शेफाली वर्मा और जेमिमा रॉड्रिग्स प्री वेडिंग सेरेमनी में नजर आए थे।

## रविवार, 23 नवम्बर राशिफल

मेष राशि के जातकों का आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। किन्तु आप अपने व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे।

आज वृष राशि वालों का दिन पारिवारिक जनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्ष वर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। सायंकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष हो सकता है।

पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से मिथुन राशि के लोगों को किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। आज के दिन व्यस्तता अधिक रहेगी। इस दौरान व्यर्थ के खर्चो से बचें। शाम से लेकर रात्रि तक शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें।

राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का प्रथम होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराएगा। इससे कर्क राशि के जातकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आज के दिन व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी।

राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। इस दौरान रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। आज के दिन आंखों से जुड़ी कोई परेशानी हो सकती है।

आज कार्यक्षेत्र में आपकी तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या सुलझ जायेगी। राजकीय मदद भी मिलेगी।

आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, प्रभावी ढंग से अपनी बात कहने की क्षमता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और इस दौरान प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव बढ़ सकता है। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है।

आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

राशि स्वामी शनि की द्वितीय स्थिति के कारण पत्नी को अकस्मात शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

वैवाहिक जीवन आनन्द दायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। सायंकाल के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# हम सब खुद के लिए ईमानदार बन जाएं तो देशभक्त बन जाएंगे

- बाबा सत्यनारायण मौर्य की कलाकारी ने ताजनगरी को किया मंत्रमुग्ध

एनएनआई





**आगरा।** आज कल बड़ी बड़ी इमरती और मकान को बनाने के लिए जापान और अमेरिकन की उच्च तकनीक पर बने होते है फिर भी पहले जैसे मजबूत नहीं जबकि पहले के मकान मजबूत थे क्योंकि तब लोग खड़े होकर बनवाते थे, अब माँ बच्चो को समय नहीं दे रही तो संस्कार कैसे मिलें। पहले मंत्र भी हम खुद पढ़ा करते थे। ये बातें कैप्टन शुभम फाउंडेशन की ओर से भारत विकास परिषद के सहयोग से शुभम गुप्ता के द्वितीय बलिदान दिवस पर आयोजित देशभक्ति से सजी एक शाम शुभम गुप्ता के नाम कार्यक्रम में सुरसदन में प्रख्यात साहित्यकार, चित्रकार व गीतकार बाबा सत्यनारायण मौर्य ने कहीं। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता और शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता के चित्र पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान, महापौर हेमलता दिवाकर, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग लिमिटेड के अध्यक्ष राकेश गर्ग, महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, एमएलसी विजय शिवहरे, पूर्व सांसद रामशंकर कठेरिया, पूर्व विधायक महेश गोयल और उदयभान सिंह ने माल्यार्पण कर की। भारत विकास परिषद की महिला सदस्यों ने वंदेमातरम गीत गा कर प्रथम प्रस्तुति दी। बाबा ने कहा कि ये मरने का नहीं शुभम की शादी का उत्सव मना रहे है। हम सब अपने अपने लिए ईमानदार बन जाएं तो देशभक्त बन जाए और लोगो को मरने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। हमारे शहीदों ने देश पर प्राण न्योछावर किए ताकि आगे की पीढ़ी हंसती रहें। ऐसे ही आगरा से शुभम गुप्ता ने देश के लिए अपनी जवानी दी है। आप जग जाओ देश में ऐसा माहौल बना दो किसी को शहीद होना ही ना पड़ें। हम अगर देश विरोधी काम करेंगे तो भुगतना भी हमको पड़ेगा। सत्यनारायण बाबा कहा कि बच्चो पर दबाव ना बनायें, पढ़ाई के लिए इतना अधिक बच्चे को प्रताड़ित किया जाता है कि वो तनाव में आ जाता है। बाबा ने यमुना की दुर्दशा पर पीढ़ा व्यक्त करते हुए गीत गाये और लोगो से यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए लोगो को संकल्प दिलाया । उन्होंने मंच से आध्यात्मिक ज्ञान को विज्ञान से जोड़कर कई उद्धरण पेश किए। कार्यक्रम का अंतिम प्रस्तुति शिव तांडव पर दी और समापन भारत माता का चित्र बनाते हुए आरती कर किया।

### चित्रकारी की कला श्रोताओं ने दी खूब दाद

बाबा सत्यनारायण ने गीतों की प्रस्तुति देने के साथ चित्रकारी भी की। तीन घंटे चले कार्यक्रम में बाबा ने करीब 20 गीत सुनाए। हर गीत के साथ चित्र में भी रंगे भरे जा रहे थे। उन्होंने भगतसिंह, शुभम गुप्ता, शिवाजी, भगवान राम और भारत माता का चित्र बनाया। मंच पर गीत और चित्रकारी की कला एक साथ देखकर श्रोताओं ने भी खूब दाद दी।

### समापन पर किया सम्मान

समापन पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और केबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सत्यनारायण बाबा को कार्यक्रम के समापन पर सम्मानित किया। स्कूली बालिकाओ ने सुरसदन में सुंदर रंगोली बनायी। संचालन प्रमोद सिंघल ने किया। बाबा का परिचय डॉ. तरुण शर्मा ने दिया। इस अवसर पर कैप्टन कुंवर जयपाल सिंह, कर्नल मनोहर सिंह भाटी, कैप्टन भानुप्रताप सिंह, लीला राम, सुरेश चंद गर्ग, जितेंद्र चौहान, केशव दत्त गुप्ता, डॉ. अमित अग्रवाल, अखिलेश भटनागर, धनकुमार जैन, रवि शिवहरे, डॉ. केशव दत्त गुप्ता, डॉ तरुण शर्मा, अखिलेश भटनागर, विनय सिंघल, वीरेंद्र सिंघल, वंदना अग्रवाल, उमेश बंसल, धर्मगोपाल मित्तल, टीटू गोयल, राजेश गोयल, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, तपन अग्रवाल, अजय गोयल आदि उपस्थित रहे।

# कॉन्क्लेव से शैक्षिक नेतृत्व को मिलता है एक साझा मंच : साइबल चटर्जी

## शारदा यूनिवर्सिटी में प्रिंसिपल्स कॉन्क्लेव 2025 का सफल आयोजन

एनएनआई




**आगरा।** शारदा यूनिवर्सिटी द्वारा प्रिंसिपल्स कॉन्क्लेव 2025 आगरा चैप्टर का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित सर सी. वी. रमन हॉल में उत्कृष्ट रूप से सम्पन्न हुआ। इसमें आगरा एवं आस-पास के जिलों के प्रमुख विद्यालयों के सम्मानित प्रिंसिपलों ने भाग लिया। डायरेक्टर आउटरीच साइबल चटर्जी ने कहा कि शारदा यूनिवर्सिटी शिक्षा में नवाचार, तकनीकी एकीकरण और बहुआयामी सीखने के मॉडल को संस्थागत रूप से लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय इंडस्ट्री/अकादमिक इंटीग्रेशन, स्टार्टअप कल्चर, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स और AI-ड्रिवेन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स पर विशेष रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कॉन्क्लेव से शैक्षिक नेतृत्व को एक साझा मंच मिलता है, जो शिक्षा के भविष्य को नई दिशा प्रदान करता है। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जयंती रंजन ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि यह समय शिक्षा प्रणाली को तकनीक आधारित, अनुसंधान उन्मुख और नवाचार केंद्रित बनाने का है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अक् मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स तथा फ्यूचर-स्किल्स से लैस कर राष्ट्र को विश्व नेतृत्व की दिशा में अग्रसर कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि स्कूल स्तर से ही एजुकेशनल टेक्नोलॉजी, क्रिएटिविटी, प्रॉब्लम-सॉल्विंग, इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग पर बल देना होगा ताकि छात्र भविष्य की इंडस्ट्री आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार हो सकें। उन्होंने प्रिंसिपलों के साथ शैक्षणिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एमेरिटस (डॉ.) वी. पी. एस. अरोड़ा, प्रिंसिपल एडवाइजर श्री वेंकटेश्वर समूह एवं एडवाइजर/शारदा यूनिवर्सिटी आगरा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि उच्च शिक्षा में नवाचार, प्रोजेक्ट/आधारित सीख, कौशल विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा ही भविष्य की प्रमुख दिशा निर्धारित करेंगे। उन्होंने बताया कि 2020 शिक्षा को ज्ञान के पारंपरिक दायरे से आगे बढ़ाकर उद्यमिता, अनुसंधान, एग्रिबिजनेस, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट व टेक/इंटीग्रेटेड लर्निंग से जोड़ती है, जिससे विद्यार्थी रोजगार/सृजनकर्ता बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि शारदा यूनिवर्सिटी आगरा जैसा संस्थान स्टार्टअप्स, इंडस्ट्री सहयोग, AI-आधारित शिक्षण तथा कृषि एवं व्यवसाय प्रबंधन के समन्वित नवाचार पर प्रभावशाली कार्य कर रहा है, जो भारत को आर्थिक व बौद्धिक महाशक्ति बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। डॉ. अरोड़ा ने प्रिंसिपलों का आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों में अनुसंधान क्षमता, समस्या-समाधान कौशल और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करने में अग्रसर रहें।

# एसएनएमसी में स्टेमी केयर पर दिया प्रशिक्षण



**आगरा (एनएनआई)।** आगरा के एस एन मेडिकल कालेज में हृदय सेतु: (स्टेमी केयर) पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया; मेजर हार्ट अटैक (स्टेमी) के इलाज के लिए उत्तर प्रदेश को स्पोक एंड हब मॉडल में एसएनएमसी को हब के रूप में विकसित किया जा चुका है। प्रिंसिपल प्रशांत गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्डियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ.बसंत कुमार गुप्ता एवं टीम के द्वारा आगरा मंडल के पांच जिलों आगरा मथुरा, फिरोजाबाद, एटा, हाथरस के सीएचसी—एफआरयू, जिला अस्पताल, स्पेशल हॉस्पिटल, नये मेडिकल कॉलेज को स्पोक की तरह विकसित करके हब एसएनएमसी से जोड़कर वहां के डॉक्टर स्टाफ की दो दिन की ट्रेनिंग में सीने में दर्द के साथ आए मरीज का ईसीजी करके, यदि मेजर हार्ट अटैक स्टेमी का मरीज गोल्डन आवर (12 घंटे के अंदर) में पाया जाता है, तो उसके ईसीजी को हब के कार्डियोलॉजी विभाग से कॉर्डिनेट करके 10 मिनट के अंदर 50000 रुपए का इंजेक्शन (टेनेक्टेप्लेस) तुरंत लगाया जाना है ,ताकि मरीज की जान जाने का रिस्क 30% से कम हो जाए और उनके आगे के इलाज के लिए एसएनएमसी आगरा सरकारी एम्बुलेंस से भेजा जाए। दो दिन के ट्रेनिंग प्रोग्राम में शुक्रवार को आगरा एवं मथुरा के 50 मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को तीन जिले फिरोजाबाद एटा हाथरस के 50 मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया।

